हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 21 मार्च 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 जनपद पंचायत व नगर परिषद स्तर पर किए...



07 बिना बोर्ड अनुमति कार्यों के भुगतान पर रोक की...



## विवाद से परेशान होकर नितेश ने अपनी प्रेमिका को रास्ते से हटाने की रची थी साजिश

# अंबर नदी हत्याकांड का खुलासाः शादी के दबाव में कर दी प्रेमिका की हत्या, 90 किमी दूर फेंका शव

**पुलिस के मुताबिक आरोपी नितेश यादव ने बहाने से राजीना को तेलंगाना से अपने गांव आरी (माखननगर) बुलाया। 25 फरवरी की सुबह करीब 4 बजे नितेश ने अपने छोटे भाई सचिन यादव के साथ मिलकर सुनसान खेत में युवती की गला दबाकर हत्या कर दी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नंदगांव के पास अंबर नदी में 25 फरवरी को मिली अज्ञात युवती की लाश के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। इस मामले में युवती की हत्या उसके ही लिव-इन पार्टनर और उसके भाई द्वारा किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान 32 वर्षीय राजीना बेगम निवासी लखीमपुर (असम) के रूप में हुई है। वह तेलंगाना की एक निजी कंपनी में कार्यरत थी, जहां उसकी मुलाकात नर्मदापुरम निवासी नितेश यादव से हुई थी। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और वे लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। जांच में सामने आया कि राजीना बेगम नितेश पर शादी का दबाव बना रही थी, जबकि नितेश के परिजनों ने उसकी सगाई दूसरी युवती से तय कर दी थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच लगातार विवाद हो रहा था। विवाद से परेशान होकर नितेश ने अपनी प्रेमिका को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली।

पुलिस के मुताबिक आरोपी नितेश यादव ने बहाने से राजीना को तेलंगाना से अपने गांव आरी (माखननगर) बुलाया। 25 फरवरी की सुबह करीब 4 बजे नितेश ने अपने छोटे भाई सचिन यादव के साथ मिलकर सुनसान खेत में युवती की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों ने सबूत मिटाने के लिए शव को बाइक पर बीच में बैठाकर करीब 90 किलोमीटर दूर भैरुंदा क्षेत्र के नंदगांव ले गए और अंबर नदी के पुल से नीचे फेंक दिया, ताकि पहचान छिपाई जा सके। उसी दिन दोपहर में ग्रामीणों की सूचना पर भैरुंदा पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर अज्ञात के खिलाफ मर्ग कायम कर जांच शुरू की। शुरुआती दौर में शव की पहचान नहीं हो पाने से मामला चुनौतीपूर्ण बन गया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कराते हुए पहचान के लिए फोटो विभिन्न जिलों और राज्यों में भेजे।

एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रेडियो मैसेज प्रसारित किए, गुमशुदगी के मामलों का मिलान कराया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का सहारा लिया। इसी दौरान तेलंगाना में दर्ज गुमशुदगी रिपोर्ट के आधार पर 16 मार्च को युवती की पहचान राजीना बेगम के रूप में हुई।

पहचान होने के बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज की। मोबाइल कॉल डिटेल और लोकेशन ट्रैकिंग के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची। नर्मदापुरम के माखननगर पुलिस ने संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें आरोपी सचिन यादव ने वारदात कबूल कर ली। इसके बाद मुख्य आरोपी नितेश यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार हत्या का प्राथमिक घटनास्थल माखननगर क्षेत्र में होने के कारण जीरो पर एफआईआर दर्ज कर केस डायरी संबंधित थाने को भेज दी गई है। मामले में प्रयुक्त साधनों और अन्य साक्ष्यों की बारीकी से जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### मनीष शर्मा देवनारायण गोशाला के व्यवस्थापक किए गए मनोनीत

**कानड़।** अखिल भारतीय परशुराम सेवा के राष्ट्रीय महासचिव एवं समाज सेवी, भाजपा कार्यकर्ता मनीष शर्मा को नगर की देवनारायण गोशाला के अध्यक्ष कन्हैयालाल परमार ने देवनारायण गोशाला का व्यवस्थापक मनोनीत किया। गौशाला के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा उनसे निस्वार्थ भाव से गो सेवा का कार्य करने की अपेक्षा करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

### अग्निवीर भर्ती 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए

**सीहोर।** भारतीय सेना के सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा अग्निवीर योजना के अंतर्गत भर्ती वर्ष 2027 के लिए अविवाहित पुरुष अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों का चयन ऑनलाइन परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। जारी अधिसूचना के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो गई है, जो 01 अप्रैल 2026 तक चलेगी। अभ्यर्थी निर्धारित अवधि में भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण तिथियों में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की सूचना भी इसी पोर्टल पर उपलब्ध कराई जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन संभावित रूप से 01 जून से 15 जून 2026 के मध्य किया जाएगा। परीक्षा की निश्चित तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, जिसकी जानकारी अभ्यर्थियों को वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त होगी। यह भर्ती मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे भोपाल, सीहोर, विदिशा, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, पांढुर्ना सहित अन्य अधिसूचित जिलों के स्थायी निवासियों के लिए होगी। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी, जिसे अभ्यर्थियों को स्वयं भरना होगा। भारतीय सेना ने स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं योग्यता आधारित है। भर्ती के किसी भी चरण में किसी प्रकार की रिश्वत या सिफारिश की आवश्यकता नहीं है।

## चैत्र नवरात्रि के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किए मां बिजासन के दर्शन




**रेहटी।** चैत्र नवरात्रि के पहले रोज बिजासन हम सलकनपुर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता बिजासन के दरबार पहुंचे और यहां पर उन्होंने माता भी दर्शन के दर्शन कर माता बिजासन से अपने लिए मन्नत मांगी। बिजासन धाम सलकनपुर में चैत्र नवरात्रि में लाखों की संख्या में श्रद्धालु बिजासन धाम सलकनपुर पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को यहां पर आने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए भी प्रशासन तरह-तरह के इंतजाम करता रहता है यूं तो बिजासन धाम सलकनपुर में श्रद्धालु साल भर आना-जाना लगा रहता है लेकिन चैत्र नवरात्रि के समय श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हो जाती है।

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को घट स्थापना के साथ ही यहां पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता बिजासन के दर पर पहुंचे। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए प्रशासन ने भी चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया है। साथ है राजस्व सहित अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी अपनी ड्यूटी यहां पर दे रहे हैं। तेज धूप में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बिजासन धाम सलकनपुर पहुंच रहे हैं। प्रथम रोज लगभग बीस से तीस श्रद्धालुओं माता बिजासन के दर्शन किए ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है।



## स्वर्णकार समाज महिला मंडल ने निकाला गणगौर का चल समारोह





**नलखेड़ा।** स्वर्णकार समाज महिला मंडल ने गणगौर का चल समारोह निकाला। चल समारोह सांय 4 बजे श्री संतोषी माता मंदिर से प्रारंभ स्वर्णकार धर्मशाला पहुंचा जहां समापन हुआ। चल समारोह का समाज बंधुओं ने अपने निवास व प्रतिष्ठान पर पानी, आइसक्रीम, ठंडा पेय आदि अन्य से स्वागत किया। चल समारोह में छोटे बालक बालिका को दूल्हा दुल्हन बनाया गया था तथा महिलाओं द्वारा गणगौर सिर पर धारण कर ढोल धमाके और बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। चल समारोह के समापन के बाद स्वर्णकार धर्मशाला में महिलाओं और बालिकाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उसके उपरांत समाज के सहभोज का आयोजन किया गया।



### मंत्री इंदर सिंह परमार ने मां बगलामुखी के दर्शन किए

**नलखेड़ा।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार ने शुक्रवार को आगर-मालवा जिले के नलखेड़ा पहुंचकर मां बगलामुखी मंदिर में दर्शन किए। मंत्री परमार ने मंदिर में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मंत्री परमार ने ग्राम टीकोन में भगवान बाबा रामदेव के भी दर्शन किए गए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, कैलाश कुंभकार, दिलीप सकलेचा, रोहित सकलेचा, विजय सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## शिविर में 141 मरीजों की जांच 23 का ऑपरेशन को चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर एवं सरदार पटेल युवा संगठन के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम गुदरावन में नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन पाटीदार धर्मशाला गुदरावन में शुक्रवार को हुआ। जिसमें 141 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 23 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को बस द्वारा आनंदपुर ले जाया गया जहाँ निशुल्क ऑपरेशन कर गुदरावन छोड़ा जाएगा। शुक्रवार को आयोजित नेत्र जांच शिविर में सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर से आए चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच की गई। ग्राम गुदरावन में यह 20वां नेत्र जांच शिविर था। जिसमे 33 मरीजों को चश्में भी प्रदान किए गए।



### पूजा पाठ व अनुष्ठान कर की शक्ति की आराधना

## चैत्र नवरात्रि पर देवी मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की कतार







**कानड़।** हिंदू कैलेंडर के अनुसार चैत्र महीने के पहले दिन से हिन्दू नववर्ष की शुरुआत हो जाती है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर गुरुवार को हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा एवं चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व चैत्र मास के नक्षत्र अमृत सिद्धि सहित नव विक्रम संवत 2083 की शुरुआत हुई। नगर में कई समाज द्वारा गुड़ी पड़वा पर गुड़ी का पूजन किया गया। जिसमें गुड़ी को घर के द्वार, किसी ऊंची जगह या छत पर लगाया गया साथ ही घर के दरवाजे पर आम के पत्ते का तोरण लगा कर गुड़ी की पुजा कर नववर्ष की शुरुआत की।

गुड़ी पड़वा पर नव वर्ष के साथ क्षेत्र नवरात्रि की शुरुआत भी हो गई है नवरात्र में 9 दिनों तक माता मंदिरों में माता रानी के दर्शन करने और पूजा पाठ में अनुष्ठान करने हेतु भक्तों की भीड़ लगी रहेगी।चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में स्थित मां बिजासन माताजी व शिव पहाड़ी के दक्षिण की ओर विराजित मां चालर माताजी एवं पचलाना रोड ठाकुर सेरी स्थित मां हिंगलाज देवी मठ में विराजित 51 शक्ति पीठ मां हिंगलाज देवी मंदिर में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई साथ ही देवी मां के दरबार में अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को सशक्त बनाने क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़




मप्र जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में गुरुवार को ब्लॉक आगर के सेक्टर कानड़ अंतर्गत ग्राम कोलुखेड़ी स्थित शिवतोड़ा मंदिर परिसर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सहारा आदर्श ग्राम विकास समिति, बटावदा द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समिति सदस्यों को ग्राम विकास, जल संरक्षण, जैविक कृषि, स्वावलंबन एवं समितियों के प्रभावी संचालन के संबंध में व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. देवनारायण गौड़ कानड़ उपस्थित रहे। जबकि मुख्य वक्ता मंदिर अध्यक्ष रामनाथ सिंह सोलंकी रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में समाज सेवी दारा सिंह आर्य ने प्रशिक्षण की भूमिका प्रस्तुत करते हुए इसके उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से ग्राम स्तर पर समितियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। साथ ही प्रस्फुटन नवा अंकुर समितियों को किस तरह से अपने कार्य करना चाहिए उस पर भी जोर दिया। आम जन ओर शासन की बीच की कड़ी हे जन अभियान परिषद की समिति को बताते हुए। अपनी बात कही।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. नारायण सिंह बगाना ने जन अभियान परिषद की संरचना, समितियों के कार्य, दस्तावेजीकरण, अभिलेख संधारण एवं सक्रियता बनाए रखने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के बारे में भी बताया। मंदिर समिति अध्यक्ष रामनाथ सिंह सोलंकी ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। नियमित सिंचाई एवं जल बचत के उपाय अपनाकर ही ग्राम को हरित बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. देवनारायण गौड़ ने जैविक खेती के महत्व को बताते हुए कहा कि इससे भूमि की उर्वरता बनी रहती है और स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहता है। इस लिए जैविक खेती कार गर सिद्ध हे। वही उपभोक्ता संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने भी अपने विचार रखे। समिति के श्याम पाटीदार ने स्वावलंबन पर अपने विचार रखते हुए कहा कि हमारे पूर्वज आत्मनिर्भर थे और गांव की व्यवस्था ऐसी थी कि अधिकांश आवश्यकताएं स्थानीय स्तर पर ही पूरी हो जाती थीं। कार्यक्रम में 5 प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, 4 अतिथि एवं 5 बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू छात्र उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**खबर संक्षेप**

### गुड़ी पड़वा पर संस्कार भारती ने मनाया नव वर्ष



**देवास।** भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) के पावन अवसर पर संस्कार भारती, जिला देवास द्वारा 19 मार्च को सयाजी द्वार पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों ने प्रातःकाल सूर्य की प्रथम किरण के साथ सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया तथा गुड़ी की पूजा-अर्चना कर एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर प्रातःकालीन रागों पर आधारित शास्त्रीय भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी। देवकृष्ण व्यास ने अपनी कविता के माध्यम से नववर्ष की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं तथा धनराज परमार ने मंत्रोच्चार किया। इसके पूर्व संध्या पर मल्हार स्मृति सभा भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आलोक सिंह भदौरिया ने गुड़ी पड़वा का पुराणों से संबंध बताया तथा मुख्य वक्ता जयशंकर शर्मा ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। रात्रिकालीन आयोजन में सरगम म्यूजिक प्रोडक्शन एंड इवेंट्स के संचालक आशुतोष सिद्ध के संगीत संयोजन में विभिन्न कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इसमें अमित साहू , गोविंद परमार , नितिन बोडखे, धनंजय सिंह ठाकुर एवं अमन साहू, सह गायिका कनक जोशी, वेदिका देसाई,काव्यांशी सहित कई कलाकारों की सहभागिता रही। कलाकारों ने देशभक्ति गीत, भजन एवं अन्य प्रस्तुतियाँ दीं। वहीं कविता सिसोदिया एवं उनकी साथियों द्वारा सुंदर रंगोलियाँ बनाई गईं। संस्कार भारती के दोनों दिवस के आयोजन संस्था की कार्यकारिणी के नेतृत्व में संपन्न हुए, जिसमें अध्यक्षता अरुणा राधेश्याम सोनी, उपाध्यक्ष मनोरमा सोलंकी , महामंत्री राहुल जायसवाल, जिला मंत्री आशुतोष सिद्ध एवं धनराज परमार तथा कोषाध्यक्ष डॉ. जुगलकिशोर राठौर का विशेष योगदान रहा।

जल संरचनाओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू

# जनपद पंचायत व नगर परिषद स्तर पर किए कार्यक्रम, जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

अभियान में पुराने तालाबों, बावड़ियों, कुँओं एवं अन्य जल स्त्रोतों का होगा जीर्णोद्धार, साफ-सफाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रदेश सहित जिले में जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से "जल गंगा संवर्धन अभियान" का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। अभियान के शुभारंभ पर देवास जिले में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद पंचायत एवं नगर परिषद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। पहले दिन जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिये जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने उत्साह से सहभागिता की। इस दौरान जिले में महिलाओं द्वारा कलश यात्राएं निकाली गई। अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिलेवासी में उत्साह देखते ही बन रहा था। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर तालाब की साफ-सफाई व गहरीकरण किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार कराया जायेगा। साथ ही वृक्षारोपण भी होगा।

नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जाएंगे। इसके लिए जिले में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। यह अभियान आगामी 30 जून तक सतत चलेगा। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने बताया कि जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून तक सतत संचालित किया जाएगा जिसमें पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत के साथ-साथ रिचार्ज पिट एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कार्य किए जायेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इस अभियान को सभी के सहयोग से जन आंदोलन के रूप में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जायेगा। अभियान में जल संरक्षण के साथ ही वृक्षारोपण पर भी विशेष ध्यान दिया जायेगा। अभियान के तहत शुरूआत में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य किये जायेंगे। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने जिले के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे शासन के इस महत्ती अभियान एवं जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान में एकजूटता के साथ सहभागिता करें तथा अधिक से अधिक पानी बचाने का प्रयास करें।

जल गंगा संवर्धन अभियान" में जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अभियान को प्रभावी और परिणाममूलक बनाया जायेगा। अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी पोर्टल भी अपलोड की जायेगी। अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, राजस्व, जल संसाधन, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नर्मदा घाटी विकास, वन मंडल, जन अभियान परिषद, उद्योग एवं एमएसएमई, पर्यावरण, संस्कृति, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा तथा कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग सहभागिता कर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेंगे।




अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य, खेत-तालाब, अमृत सरोवर, भू-जल संवर्धन के कार्य और प्राचीन परम्परागत जल संग्रहण संरचनाओं के जीर्णोद्धार का कार्य किया जायेगा। नगरीय विकास विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्रों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किये जायेंगे। नदियों में मिलने वाले नालों की शोधन प्रक्रिया का क्रियान्वयन किया जाएगा। नगरीय निकायों द्वारा नदी, तालाब, बावड़ी का संवर्धन, नालों की सफाई, पौधरोपण किया जाएगा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एकल ग्राम नल-जल योजनाओं के भूजल स्त्रोतों के रिचार्ज, पेयजल स्त्रोतों के आस-पास साफ-सफाई और रख-रखाव के लिए गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

वन विभाग द्वारा भूजल संवर्धन के कार्य तथा वर्षा ऋतु में पौधों के रोपण का कार्य किया जायेगा। वन्य जीवों को पानी की उपलब्धता के लिए जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण और तालाबों का गहरीकरण किया जाएगा।महिला एवं बाल विकास विभाग आंगनवाड़ी केन्द्रों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग स्थापित करने, जल संरक्षण के ग्राम स्तर पर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करने और आंगनवाड़ी केन्द्रों को जल एवं पोषण मॉडल केन्द्र के रूप में विकसित कर समुदाय को प्रेरित करने जैसी गतिविधियां संचालित करेगा। "जल गंगा संवर्धन अभियान" में शिक्षा विभाग, जल संसाधन, एनवीडीए, पर्यावरण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जन अभियान परिषद, संस्कृति विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा भी सहभागिता की जाएगी।

# जंगल में दबिश देकर कुल 8 जुआरियों को दबोचा

ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

एसपी पुनीत गेहलोद के द्वारा संगठित अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु सम्पूर्ण जिले में "ऑपरेशन प्रहार" प्रारंभ किया गया है। जिसके अंतर्गत अवैध जुआ, सटटे के अपराध में संलिप्त बदमाशों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 18 मार्च को विश्वसनीय मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सिंन्द्राणी के जगंल में कुछ लोग हार जीत का दाव लगा रहे है । जिस पर ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद आदित्य तिवारी के निर्देशन में थाना प्रभारी सतवास निरीक्षक विक्रांत झांझोट के नेतृत्व में दो विशेष टीम गठित की गई । पुलिस टीमों के द्वारा ग्राम सिंन्द्राणी के जगंल में घेराबंदी कर अवैध रूप से जुआ खेलते कुल 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर जुआ फड से कुल 15600/- एवं 9 मोटर सायकल कुल 6,50,000/- का मश्रुका जप्त कर आरोपियो के विरूद्ध थाना सतवास पर अपराध क्रमांक 97/2026 धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस पुछताछ में बताया कि आबिद उर्फ मोटु निवासी लोहारदा,मेहबुब खां निवासी किले के अंदर सतवास व असलम निवासी लोहारदा के द्वारा सिन्द्राणी के जंगल में उक्त जुआ फड संचालित किया जाकर,स्वयं भी जुआ खेल रहे थे । जिन्हे गिरफ्तार किया गया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सतवास निरीक्षक श्री विक्रांत झांझोट,उनि विजय जाट, प्रआर रवि राव,गणेश रावत,आर लोकेन्द्र शर्मा,जयदेव,अनिल भाभर,संदीप मेवाडा,शुभम,राजकुमार देवडा की सराहनीय भूमिका रही ।

### महापौर ने किया जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ



**देवास।** शासन निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जन सहभागिता सुनिश्चित करने एवं शहरवासियों में स्वच्छता का संदेश देने हेतु 20 मार्च को नगर निगम महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। मंडूक पुष्कर तालाब पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि शासन निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलाया जाएगा।

# सेन थॉम एकेडमी को सीबीएसई से गणित प्रोत्साहन स्कूल की मान्यता मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भोपाल रोड पर स्थित सेन थॉम एकेडमी ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा स्कूल को 'गणित प्रोत्साहन स्कूल' घोषित किया गया है। स्कूल को यह योग्यता प्रमाण पत्र 'आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2025' के पहले चरण में छात्रों की उत्साहजनक भागीदारी और दूसरे चरण में सक्रिय सहभागिता के सम्मान में दिया गया है।इससे पहले, इसी साल फरवरी में, कक्षा 8वीं के छात्र अर्णव मंडलोई ने 'आर्यभट्ट गणित चैलेंज' में भोपाल क्षेत्र के शीर्ष 100 छात्रों में जगह बनाकर स्कूल का नाम रोशन किया था। उनकी इस उपलब्धि ने एक मिसाल कायम की और संस्थान के छात्रों में बढ़ती गणितीय अभिरुचि को प्रदर्शित किया।बता दें कि 'आर्यभट्ट गणित चैलेंज' सीबीएसई की एक प्रतिष्ठित पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर के छात्रों में गणितीय कौशल और विश्लेषणात्मक सोच को बढ़ावा देना है।स्कूल प्रबंधन ने, इन उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए, शिक्षकों और छात्रों को बधाई देते हुए, कहा कि यह सफलता युवाओं की प्रतिभा को निखारने के प्रति स्कूल के समर्पण का प्रमाण है।




# ब्राह्मण समाज के आराध्य देव की मनाई जन्म जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



महर्षि गौतम ऋषि के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर समाजजनों द्वारा विधि-विधान के साथ महर्षि गौतम ऋषि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा दीप प्रज्ज्वलित कर भव्य आरती की गई।

पूरे वातावरण में भक्ति भाव और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो गया। जहां उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने ऋषि के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। राधेश्याम शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, रामेश्वर शर्मा, गिरीश शर्मा, आयुष शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, विजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

सभी ने मिलकर पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। इस अवसर पर समाज सेवी पत्रकार सुनील शर्मा ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए आगामी 29 मार्च को देवास में आयोजित होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन की जानकारी दी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अधिक से अधिक संख्या में देवास पहुंचकर इस सम्मेलन को सफल बनाने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, आपसी समन्वय और नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया तथा समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया । यह आयोजन पूरी श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ, जिसने समाज में नई ऊर्जा का संचार किया।

# दिल्ली में हुए विरोध प्रदर्शन में पदाधिकारी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

16 मार्च को दिल्ली में भारत विरोधी यूएस ट्रेड डिल रद्द करने को लेकर भारतीय युवक कांग्रेस का जंतर मंतर पर हल्ला बोल एवं संसद के घेराव प्रदर्शन में प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान, प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, जोन प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू नेतृत्व में मध्य प्रदेश से प्रदेश सचिव, चापडा के खंडवा सह प्रभारी रवि दुधानिया एवं प्रदेश सचिव किशोर सोलंकी देवास जिला अध्यक्ष किशोर चौहान, अभिनव पंचोली सोशल मीडिया महासचिव, जिला महासचिव लखन मालवीय छात्र नेता दीपांशु अपनी युवा साथियों के साथ दिल्ली पहुंचे और किसान विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। रवि दुधालिया ने बताया की चापडा सहित जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे थे।




### कंचन बाई का हुआ निधन



**चापडा।** नगर निवासी स्व. बालाजी की धर्मपत्नी, रामेश्वर यादव, गेंदालाल यादव एवं पुर्व सरपंच नानूराम उर्फ नाना यादव की माता कंचन बाई यादव का निधन हो गया है। जिनके निधन पर राजेश दुग्गड,डा. जे. सी. यादव, मुकेश विश्वकर्मा,राजेश सिंह राजपूत आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बस के ब्रेक हुए फेल टला बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। जब नाहर दरवाजे के समीप सोमेश्वर मंदिर के पास एक बस के ब्रेक फेल हो गए। बस अचानक रिवर्स होकर सड़क किनारे बनी एक गुमटी में जा घुसी। इस घटना में गुमटी में बैठी एक महिला को मामूली चोटें आईं, जबकि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे।यह घटना उस समय हुई जब बस भोपाल चौराहे की ओर जा रही थी। जानकारी अनुसार, बस नई बिल्डिंग के पास खड़ी थी, तभी उसके ब्रेक अचानक फेल हो गए। इसके बाद बस पीछे की ओर तेजी से बढ़ते हुए मंदिर परिसर के समीप रखी गुमटी से जा टकराई। बस में गवली मोहल्ले निवासी सुरेश यादव के बेटे पीयूष की सगाई के लिए करीब 70 से 80 लोग आगर जा रहे थे। बस में इतनी बड़ी संख्या में यात्रियों के होने के बावजूद किसी गंभीर जनहानि से बचा जा सका। हादसे के दौरान गुमटी में बैठी कमलाबाई नामक महिला बाल-बाल बच गईं, हालांकि उन्हें हल्की चोटें आईं। उन्हें तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया।प्रत्यक्षदर्शी ललित यादव ने भी बताया कि महिला को मामूली चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। हालांकि, गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ और किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई।

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

# राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी की शौर्य यात्रा 26 अप्रैल को





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ की एक अति आवश्यक बैठक महासंघ अध्यक्ष दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता एवं समस्त वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में आयोजित की गई, जिसमें सर्वानुमति से यह निर्णय लिया गया कि 19 अप्रैल, रविवार को अक्षय तृतीया पर राजराजेश्वर भगवान परशुराम जी के प्रकट उत्सव पर हवन, पूजन, आरती राजराजेश्वर भगवान परशुराम वाटिका गंगानगर में की जाएगी एवं 26 अप्रैल रविवार को शाम 5:30 बजे भव्य शौर्य यात्रा निकाली जाएगी, जो कि सयाजी द्वार सिद्धि विनायक मंदिर लाल गेट के राजा के यहां से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई जवाहर चौक विक्रम सभा भवन पहुंचेगी। जहां पर यात्रा का समापन किया जाएगा।

समापन के पश्चात समस्त ब्रह्म बंधुओं का स्नेह भोज रहेगा। समाज के वरिष्ठ ओपी तिवारी, ओ पी दुबे, संजय शुक्ला, प्रयास गौतम, महेंद्र उपाध्याय, घनश्याम पंडित, दिनेश भारद्वाज, सुदर्शन दुबे ने यात्रा को लेकर विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए। कोषाध्यक्ष सतीश दुबे ने वर्ष भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। संचालन महामंत्री महेंद्र व्यास ने किया, आभार महामंत्री डॉ रितेश शर्मा ने माना। इस अवसर पर महिला संघ अध्यक्ष यशोदा शर्मा, आशा शर्मा, युवा संघ जिला अध्यक्ष छोटू पांडे, नगर अध्यक्ष विमल शर्मा, शंकर लाल शर्मा, मधुसूदन शर्मा, अशोक चौधरी, महेंद्र स्थापक, आकाश अवस्थी, जगदीश कानूनगो, आदित्य दुबे, अमिताभ शुक्ला, आर पी मिश्रा, सिद्धार्थ अवस्थी, मयंक उपाध्याय, मंगेश शर्मा, प्रवीण शर्मा, श्याम पेशकार, कमलेश शर्मा, नयन कानूनगो, रोहन कानूनगो, समाधान गौतम, प्रतीक पंडित, कपिल व्यास, मुकेश शर्मा, मोहित पंड्या, मंगला पांडे, रिंकी व्यास, पुष्पा पेशकार, संध्या आचार्य, मंगला दुबे, टिंगू शुक्ला, पवन चौधरी, मुकेश शर्मा, सतीश व्यास, दिनेश शर्मा, प्रणय व्यास, रोहित उपाध्याय, अभिक तिवारी, कमलेश शर्मा, यशवंत तिवारी, गौरव दुबे, चंद्रपाल शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, लक्ष्मी नारायण बिल्थरे, अशोक चौबे, जयदीप शर्मा, आशुतोष दुबे, अश्विनी सारिया, श्याम शर्मा, पवन सहारिया, सुदामा शर्मा, किशोरी लाल शर्मा आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी रोहित उपाध्याय ने दी।

## खबर संक्षेप




### धानुक समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

**ललितपुर।** धानुक कठेरिया समाज उत्थान समिति द्वारा धनक महाराज की जयंती हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा को झांसी रोड उरई में बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई, जिसमें समाज के जिलाध्यक्ष सोवरन सिंह कठेरिया ने अध्यक्षता की जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रामआसरे वर्मा जिला महामंत्री, जगराम दिसोरिया परसानी, गौरीशंकर दादा महरुआ, रामलखन, वकील दादा, लालाराम चमड़ा ब्लॉक अध्यक्ष कोच, भगवान दास जैसारी ब्लॉक अध्यक्ष डेकोर, दशाराम डेकोर संत राम कठेरिया डेट डॉक्टर जगदीश सिंह कठेरिया मिथिलेश पत्रकार मोहन सर कोच बंसी राम दरोगा शिव प्रसाद दीवान महेश चिल्ली राजा भैया अनीता वर्मा कठेरिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजू कठेरिया सिकरी राजा जिला पंचायत सदस्य दिनेश जैसारी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम दास वर्मा सत्यवान कुटेला डा.सत्य प्रकाश कठेरिया विश्राम सिंह, संदीप भंडारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### खजरा में खेत विवाद पर भाई का सिर फोड़ा

**ललितपुर।** बार थाना क्षेत्र के ग्राम खजरा में बुधवार दोपहर खेत में गेंहू बांध रहे युवक पर पड़ोसी ने भैंसों के घुसने के विवाद पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक के सिर पर चोटें पहुंचाईं और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार सदमे में है। मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीडित राघवेन्द्र पुत्र स्व. रामनाथ यादव ने शिकायत में बताया कि 19 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2 बजे उनका भाई पुष्पेन्द्र यादव खेत में गेंहू का पूरा बांध रहा था। इसी दौरान गांव के यादवेन्द्र पुत्र फूलसिंह अपनी भैंसें चरा रहा था। भैंसें बार-बार पुष्पेन्द्र के खेत में घुस रही थीं और फसल को नुकसान पहुंचा रही थीं। जब पुष्पेन्द्र ने यादवेन्द्र से भैंसें रोकने को कहा तो यादवेन्द्र गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर यादवेन्द्र और उसके पिता फूल सिंह पुत्र नाथूराम ने मिलकर लाठी-डंडों से पुष्पेन्द्र की जमकर मारपीट कर दी। पुष्पेन्द्र के सिर पर गहरी चोट आई। मारपीट देखकर चचेरे भाई मेघराज बचाने दौड़े तो यादवेन्द्र ने जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

### पुलिस भर्ती युवक के क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन शॉपिंग की

**ललितपुर।** पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षी योगेश कुमार का क्रेडिट कार्ड हैक हो गया। अज्ञात साइबर ठगों ने उनकी मर्जी के बिना दो दिनों में कुल 24,070 रुपए की ऑनलाइन शॉपिंग कर ली। पीड़ित युवक मानसिक और आर्थिक रूप से बुरी तरह आहत है। साइबर क्राइम पुलिस ने एफआईआर नंबर 0012 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिक्रूट आरक्षी जिला फिरोजाबाद के टूंडला नगला तेजपाल निवासी योगेश कुमार पुत्र रोशन लाल ने शिकायत में बताया कि 9 और 10 अक्टूबर 2025 को उनके क्रेडिट कार्ड से बिना अनुमति के दो ट्रांजेक्शन हुए, जिनमें 13,137 व 10,897 रुपये शामिल थे। 24,070 की राशि 6 नवंबर 2025 को उनके खाते से कट गई। साइबर क्राइम थाना प्रभारी ने मामला दर्ज किया।

### बस ड्राइवर पर लाठी डंडे से हमला किया

**ललितपुर।** जाखलौन थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरियावंसा में स्कूल बस ड्राइवर पर दो स्थानीय युवकों ने दिनदहाड़े लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। हमलावरों ने बस ड्राइवर को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की पीठ पर गहरी चोटें आई हैं। मामले में एफआईआर दर्ज की। पीडित गजराज पुत्र प्रीतम यादव बुंदेलखंड इंटर कॉलेज की स्कूल बस चलाते हैं। 16 मार्च को शाम करीब 5 बजे बच्चों को घर छोड़कर बस लौटा रहे थे। ग्राम पिपरियावंसा के पास निक्की यादव पुत्र अनन्तराम यादव और आनंद यादव पुत्र भजन यादव ने बस रोकने की कोशिश की। बस नहीं रोकी तो गाली गलौज की।

---

### नगर पालिका परिषद फिर विवादों में, बिना प्रस्ताव पास कराए निर्माण कार्य

# बिना बोर्ड अनुमति कार्यों के भुगतान पर रोक की मांग, बैठक 23 को बुलाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद में वित्तीय अनियमितताओं और बिना बोर्ड की अनुमति के कराए गए निर्माण कार्यों को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। पार्षदों ने एकजुट होकर ऐसे कार्यों के भुगतान पर रोक लगाने का निर्णय लिया है और पूरे मामले पर चर्चा के लिए 23 मार्च 2026 को आकस्मिक बोर्ड बैठक बुलाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर में विभिन्न निर्माण कार्य बिना बोर्ड की स्वीकृति के कराए जाने, जेम पोर्टल से खरीदी जाने वाली सामग्रियों में पारदर्शिता की कमी तथा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कार्य में लगी संस्था को भुगतान किए जाने को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। पार्षदों का आरोप है कि इन कार्यों में व्यापक अनियमितताएं हुई हैं। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को दिए गए पत्र में पार्षदों ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक सभी कार्यों की पत्रावलियां बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर स्वीकृति नहीं ली जाती, तब तक किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बिना अनुमति कराए गए कार्यों की जांच कराई जानी चाहिए।

#### सबकी नजर प्रस्तावित बैठक पर टिकी

दूसरे पत्र में नगर के विकास कार्यों और उत्पन्न स्थिति को देखते हुए 23 मार्च को आकस्मिक बोर्ड बैठक आयोजित करने का सामूहिक निर्णय लिया गया है। पार्षदों ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का अनुरोध किया है ताकि बैठक में सभी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर उचित निर्णय लिया जा सके। इस पूरे मामले में बड़ी संख्या में पार्षदों ने हस्ताक्षर कर अपनी सहमति जताई है, जिससे स्पष्ट है कि नगर पालिका के भीतर यह मुद्दा गंभीर रूप ले चुका है। यदि समय रहते समाधान नहीं निकला तो यह विवाद और गहराने की संभावना है। अब सबकी नजर 23 मार्च को होने वाली प्रस्तावित बैठक पर टिकी है, जिसमें इन आरोपों की सच्चाई और आगे की कार्यवाही तय होगी। पत्र पर पार्षद मनमोहन चौबे एड., जानकी प्रसाद, दीपा, जगदीश यादव, अब्दुल बारी, कुन्दन पाल, सोन सिंह, पूजा यादव, शिवानी कुशवाहा, धर्मवीर कुशवाहा, अशोक पंथ, अफजुल रहमान, रमेश कुमार गांधी, रजनी रजक, कीर्ति नायक, गिरीश पाठक, सविता, पुष्पा राजा, आलोक मयूर, जितेन्द्र राठौर, उदय प्रताप सिंह, मोहिनी दरौनिया, मुस्तफा खान, आर.के.पटैरिया, फरजाना बानो आदि के हस्ताक्षर बताये गये हैं।

---

### व्यवस्थाओं का जायजा लिया

## नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट एसपी ने पैदल भ्रमण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नमाज को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शहर में व्यापक भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

इस दौरान उन्होंने नमाज आयोजकों से वार्ता कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। साथ ही ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार नजर रखी गई, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के चलते जनपद में जुमे की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। अधिकारियों ने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और आमजन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश भी दिए।

---

## रेलवे स्टेशन पर चोरी का सिलसिला जारी दो आर्मी जवानों का सामान ट्रेन में उड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

रेलवे पुलिस (जीआरपी झांसी अनुभाग) में दो दिनों के अंदर दो बड़े चोरी के मामले सामने आए हैं। दोनों ही घटनाएं ललितपुर रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेनों में हुईं, जहां यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। अज्ञात चोर ने नींद का फायदा उठाकर आर्मी संबंधित जवानों के कीमती सामान चुरा लिए। दोनों मामलों में धारा 305(सी) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और जांच अवर निरीक्षक योगेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

#### पहला मामला

महाराष्ट्र राज्य के राह -वणी निवासी आर्मी जवान वैभव मोरेश्वर चिंचुलकर ने बताया कि वह बीती 21 फरवरी 2026 को ट्रेन नंबर 05074 पूजा स्पेशल एक्सप्रेस (कोच एम/8, बर्थ 18) से बरेली से नागपुर जा रहे थे। सुबह करीब 5 बजे जब ट्रेन ललितपुर स्टेशन के पास से गुजर रही थी, उन्होंने अपनी नींद खुली तो देखा कि सिरहाने रखा लेडीज पिंक पर्स गायब है। पर्स में ओप्पो ए 9 मोबाइल, ईयरबड्स, एक हजार रुपये नकदी और अन्य सामान था। कुल क्षति करीब 18 हजार रुपये बताई गई। यात्री ने नागपुर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जो बाद में ललितपुर जीआरपी को ट्रांसफर हुई।

#### दूसरा मामला

आगरा के तुलसी कुंज कॉलोनी, जगनेर रोड निवासी 60 वर्षीय पूर्व आर्मी जवान अशरफ अली ने बताया कि वह बीती 17 फरवरी 2026 को ट्रेन नंबर 22168 उर्जाधानी एक्सप्रेस (कोच एस/6, बर्थ 9) से आगरा कैंट से सिंगरौली जा रहे थे। सुबह 6.30 बजे ट्रेन ललितपुर के पास पहुंची तो उनका फौजी कलर का पिट्ठू बैग गायब मिला। बैग में आर्मी डिस्चार्ज बुक, आई कार्ड, ईसीएचएस मिलिट्री हॉस्पिटल कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल चार्जर, स्टील थर्मस, दवाइयां, कैंटीन कार्ड और 5300 रुपये नकदी थी। कुल नुकसान 5,500 रुपये। सिंगरौली चौकी में रिपोर्ट दर्ज हुई, जो ललितपुर जीआरपी भेज दी गई।

---

### जिनमंदिर निर्माण में दान सर्वश्रेष्ठ -मुनि सुधासागर

## मुनि श्री के सानिध्य में मंदिर पुण्यार्जक ने शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्री वाहुवलिनगर में तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए दान की महिमा बताई और कहा धर्म और जिनमंदिर के निर्माण में किया गया दान सर्वश्रेष्ठ है उन्होने कहा दान को उत्साह के साथ देना चाहिए जितना देते है उसका फल कईगुना मिलता है।

प्रातःकाल मुनि श्री का अभिनंदनोदय तीर्थ से बाहुवलिनगर की के लिए पदार्पण हुआ जहां मुनि श्री की श्रावकों ने गाजे बाजे के साथ जयजयकारों के मध्य अगुवाई की। जिसमें आदिनाथ सेवा संघ वाहवलिनगर का दिव्यघोष और ध्वजा लिए हुए नवयुवक आकर्षण का केन्द्र रहे। वाहुवलिनगर में मुनि श्री का श्रावकों ने द्वारे द्वारे पादप्रक्षालन किया। मुनि श्री के मुखारविन्द से शान्तिधारा का श्रावकों ने पुण्याजन किया। जैन मिलन महिला मण्डल ने संगीतमय पूजन कर अर्घ



समर्पित किए। इस मौके पर मुनि श्री के ससंघ सानिध्य में मंदिर जीर्णोद्धार के लिए समाज संकल्पित हुई और पुर्णाजक पारिवार अशोक जैन अर्पित जैन शिवाजी मातोश्री परिवार ने आधारशिला रखते हुए मुनि श्री से आर्शीवाद ग्रहण किया। धर्मसभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन एवी गैस द्वारा किया गया। अभिनंदनोदय तीर्थ में मुनि श्री के सानिध्य में नवीन वेदिका पर विराजित रजतमयी प्रतिमाओं का अभिषेक का पुण्यार्जन विनोद कुमार देवेन्द्र कामरा परिवार द्वारा किया गया। मुनि श्री सुधासागर महाराज की आहरचर्या का पुर्याजन संदीप जैन अलंकार ज्वेलर्स परिवार को मिला।

इस मौके पर प्रमुख रूप से नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन अभिलाषा, जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत जैन खजुरिया, मंदिर प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक दैलवारा, विकास जैन सौरई, अभय जैन कैलगुवा धार्मिक अयोजन संयोजक प्रतीक इमलिया, राकेश जैन रिंकू, श्रेष्ठी शीलचंद अनौरा, मुन्ना लाल जैन सैदपुर, अनिल जैन अंचल, नरेन्द्र जैन छोटे पहलवान, राजेन्द्र जैन थनवारा, अक्षय अलया मीडिया प्रभारी, संजय रसिया, जीवन जैन मिर्चवारा, नरेन्द्र कडंकी, संजीव सौरया, अभिषेक ककडारी, आदि मौजूद रहे।

सायंकाल जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम आलोक जैन शास्त्री के संयोजन में सम्पन्न हुआ जिसमें अनेक श्रवकों ने अपनी शंकाओं का समाधान निर्यापक श्रमण मुनिश्री सुधासागर महाराज द्वारा पाया।

---

### बलिदान दिवस पर कार्यक्रम

## भाजपा ने वीरांगना अवंतीबाई को पुष्पांजलि अर्पित की



**ललितपूर।** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई ने वीरांगना महारानी अवन्तीबाई के बलिदान दिवस पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि पुष्पांजलि अर्पित कीं। पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता समूह के रुप में तुवन चोराहा पर स्थित वीरांगना अवन्तीबाई की प्रतिमा स्थली पर पहुंचे और वहां वीरांगना महारानी अवन्तीबाई लोधी जी अमर रहे की जोरदार नारेबाजी की ।

तत्पश्चात महारानी वीरांगना अवन्तीबाई लोधी जी की प्रतिमा पर फूल-मालायें चढ़ा कर उन्हें विनयवत पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष हरीराम निरंजन ने कहा कि महारानी वीरांगना रानी अवंतीबाई जी जितनी वीर थीं उतनी ही अपनी गरीब जनता की चिंता करतीं थीं। वे इतनी प्रजाबत्सल थीं कि अपने वलिदान होने के समय उन्होंने अंग्रेजी अधिकारियों से खुलकर कहा था कि इस क्रांति की ज्वाला भड़काने में सारा हाथ मेरा है ।समाज की अन्तिम पंक्ति तक खड़े मेरे किसान सैनिक ,मेरे कहने से मेरे साथ देते हुए लड़े हैं इसलिए किसानों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाये वल्कि इस विद्रोह की नायक मैं खुद हूं और मेरे किसान निर्दोष हैं। उनके इस वीरोचित वक्तव्य पर अंग्रेजी अधिकारी दंग रह गए थे और उन्होंने खुद महारानी की वीरता के आगे सिर झुका लिया था। उन्होंने कहा कि हम भारतीय सदैव उनके ऋणी रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी एड, प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,बरिष्ठ नेता हरीराम सिंह लोधी, जिला मंत्री रजनी अहिरवार, रमेश कुशवाहा नझाई, मनविंदर कौर,अवतार सिंह लोधी एड, ध्रुव सिंह सिसौदिया, नगर अध्यक्ष भगत सिंह राठौर,नगर महामंत्री मनोज कुमार खटीक एड, विक्रम प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाजपा जिला कार्यालय में शोकसभा का आयोजन

ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर शोक सभा का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय जैन साइकिल की माता सुशीला देवी जैन के निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं इस पवित्र आत्मा के शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की गई। ज्ञातव्य हो कि अत्यन्त वृद्ध होने से वे वृद्धावस्था जनित बीमारियों से ग्रस्त काफी अस्वस्थ थीं बाबजूद इसके अंतिम समय में उन्होंने जगत गुरु मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज से सम्बोधन, आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना लाल जैन सैदपुर, पूर्व जिला अध्यक्ष गण प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, जगदीश सिंह लोधी एड, जिला महामंत्री बब्बू राजा बुन्देला, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु,डा राजकुमार जैन, नरेंद्र कड़की पहलवान, धर्मेन्द्र गोस्वामी, विलास पटैरिया,शरद खैरा, राकेश रावत, शशिशेखर पांडेय आदि मौजूद रहे।

---

## किराना दुकानदार ने घरेलू एलपीजी से छोटे सिलेंडर भरे, तीन सिलेंडर व रिफिलर जब्त

**ललितपुर।** जिला पूर्ति विभाग की टीम ने ललितपुर-झांसी मार्ग पर एनएच-44 स्थित तेरई फाटक के रोहित किराना स्टोर पर छापा मारकर घरेलू कुकिंग गैस की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग का राज खोल दिया।

दुकानदार किशनलाल कुशवाहा पुत्र वंशीलाल को घरेलू सिलेंडरों से छोटे सिलेंडर भरकर बेचते पकड़ा गया। तीन पूरे-अधपूरे घरेलू एलपीजी सिलेंडर, रेगुलेटर, रबर ट्यूब और रिफिलर जब्त कर लिए गए। 18 मार्च 2026 को दोपहर 1 बजे पूर्ति निरीक्षक विश्वेश्वर दयाल चौबे ने डीएम, उपजिलाधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर रोहित किराना स्टोर (प्रो. किशनलाल कुशवाहा) पर छापा मारा। दुकान पर मौजूद तीन सिलेंडर मिले, जिनमें इण्डेन गैस सिलेंडर नंबर 205636 (आधा भरा), इण्डेन गैस सिलेंडर नंबर 244256 (पूरा भरा), एच.पी. गैस सिलेंडर नंबर 230804 (भरा) था। साथ में रेगुलेटर, रबर ट्यूब और रिफिलर भी बरामद हुआ। किशनलाल ने बयान दिया कि वह घरेलू सिलेंडर से छोटे सिलेंडर भरकर बेचता है। उसने दो गैस कनेक्शन बुक दिखाईं, लेकिन दोनों ही उसकी नहीं थीं। किशनलाल का बयान संतोषजनक नहीं पाया गया। जब्त सामान आशी गैस एजेंसी तालबेहट को सुपुर्द कर दिया गया। जिलाधिकारी ने 19 मार्च 2026 को अनुमति दी। इसके बाद तालबेहट कोतवाली में एफआईआर नंबर 0075 दर्ज की गई। आरोपित पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 एवं 7 (यथा संशोधित) तथा लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (रगुलेशन ऑफ सप्लाई एंड डिस्ट्रीब्यूशन) ऑर्डर 2000 का उल्लंघन लगाया गया। जांच अधिकारी अवर निरीक्षक बलराम शर्मा को सौंपी गई है। तालबेहट कोतवाली पुलिस ने कहा कि कालाबाजारी करने वाले किसी भी दुकानदार को बख्शा नहीं जाएगा। हम पूरे जिले में ऐसी छापेमारी तेज करेंगे। आम जनता को सस्ती गैस महंगी पड़ रही थी, इसका सख्त जवाब दिया जाएगा। यह घटना ललितपुर जिले में घरेलू गैस की कालाबाजारी के खिलाफ सख्त रुख का संकेत दे रही है। स्थानीय लोग इसे राहत भरी खबर बता रहे हैं।

---

## नाराहट पुलिस की सफलता, 9 वांछित अभियुक्तों को एक साथ गिरफ्तार किया

**ललितपुर।** जिले में पुलिस की सतत कार्रवाई और अपराधियों पर लगाम कसने के प्रयासों का एक और उल्लेखनीय परिणाम सामने आया है। एसपी मो.मुश्ताक के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पाली अजय कुमार के नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों तथा एनव्हीडब्ल्यु धारियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना नाराहट की पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हांसिल की है। थाना नाराहट पुलिस ने 20 मार्च को ग्राम कलौथरा तथा कस्बा नाराहट क्षेत्र में छापेमारी कर कुल 9 वांछित अभियुक्तों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया। ये सभी अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे थे और विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में साबुद्दीन पुत्र रल्ली, सुरेश पुत्र गोकल, सुल्तान पुत्र गफ्फूर खां, सकूर पुत्र गफ्फूर खां, चिन्तामान पुत्र हल्के, आशाराम पुत्र भैरो, जगदीश पुत्र कूरे, राजू पुत्र गया प्रसाद सभी निवासी ग्राम कलौथरा हैं। वहीं नाराहट निवासी संजय पुत्र कृष्णस्वरूप खरे को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तारी अभियुक्तों के मकानों पर ही की गई, जहां से उन्हें दबोचा गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय ललितपुर में पेश करने के लिए रवाना किया गया है।

---

### गौरैया दिवसः गौरैया संरक्षण के लेकर सामूहिक संगठनों ने की पहल

## तुवन मंदिर में गौरैया के घोंसले से शुरुआत, कृत्रिम आवास लगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर आज श्रीश्री 1008 तुवन मंदिर प्रांगण में एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। मानव ऑर्गेनाइजेशन, स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट (एसएफडी) कानपुर प्रांत और भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में गौरैया बचाओ अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम की सबसे खास बात इसकी आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रस्तुति रही। श्रीहनुमानजी महाराज, जिन्हें पर्यावरण और अष्ट सिद्धियों का देवता माना जाता है, उनके सानिध्य में पांच कृत्रिम गौरैया आवास (घोंसले) स्थापित किए गए। ये पांच घोंसले प्रकृति के पंचतत्व पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश का प्रतिनिधित्व करते हैं। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चे गौरैया के मास्क पहनकर आकर्षण का केन्द्र बने रहे, जिन्होंने अपनी मासूमियत से विलुप्त होती इस प्रजाति को बचाने का संदेश दिया। पर्यावरणविद् पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि गौरैया केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि हमारे ईको-सिस्टम की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमने तुवन मंदिर से इस अभियान की शुरुआत




इसलिए की क्योंकि मंदिर परिसर जैव विविधता के संरक्षण के केन्द्र रहे हैं। पंचतत्वों के प्रतीक यह पांच आवास इस बात की याद दिलाएंगे कि मनुष्य का अस्तित्व प्रकृति के बिना संभव नहीं है। हमारी आगामी योजना जनपद के हर स्कूल और मंदिर में इसी प्रकार गौरैया आवास लगाने की है। अभाविप संगठन मंत्री हरिओम जायसवाल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से रचनात्मक कार्यों में अग्रणी रही है। एसएफडी के माध्यम से हम छात्रों को किताबी ज्ञान से बाहर निकालकर धरातल पर पर्यावरण संरक्षण से जोड़ रहे हैं। आज के बच्चे जब गौरैया का मास्क पहनकर इस अभियान का हिस्सा बनते हैं, तो वे भविष्य के लिए प्रकृति के रक्षक के रूप में तैयार होते हैं। यह अभियान पूरे कानपुर प्रांत के लिए एक मिसाल बनेगा। पर्यावरणविद् डा. राजीव निरंजन ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण और कंक्रीट के जंगलों के बीच गौरैया ने अपना प्राकृतिक आवास खो दिया है। कृत्रिम आवास एक तात्कालिक और प्रभावी समाधान है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी, पक्षियों की चहचहाहट मानसिक शांति प्रदान करती है और कीट-पतंगों को नियंत्रित कर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखती है। इस तरह के सामूहिक प्रयास ही विलुप्त होती प्रजातियों को बचा सकते हैं। विभाग प्रमुख डा.दीपक पाठक ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों और धार्मिक स्थलों का मिलन जब सामाजिक सरोकार के लिए होता है, तो परिणाम सकारात्मक होते हैं। पांच की संख्या का चयन हमारे वेदों और दर्शन से जुड़ा है। स्कूलों में इन घोंसलों को लगाने से नई पीढ़ी में जीव-जंतुओं के प्रति करुणा और संवेदनशीलता पैदा होगी, जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संस्था संस्थापक पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान केवल आज के दिन तक सीमित नहीं रहेगा। आने वाले समय में जिले के अन्य प्रमुख मंदिरों और विद्यालयों में इसी पंचतत्व मॉडल के आधार पर गौरैया आवास लगाए जाएंगे, ताकि गौरैया एक बार फिर हमारे आंगन और छतों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा सके। इस वर्ष अभियान की सबसे अनूठी पहल ची-ची ग्रुप का गठन है। जनपद ललितपुर के प्रत्येक वार्ड में बच्चों को संगठित कर यह ग्रुप बनाया जाएगा। इन नन्हे पर्यावरण प्रेमियों की जिम्मेदारी अपने आसपास के घरों में गौरैया के लिए दाना-पानी सुनिश्चित करना और लोगों को घोंसले लगाने के लिए प्रेरित करना होगा। बच्चों के जुड़ाव से यह अभियान एक संस्कार के रूप में विकसित होगा। इस पुनीत कार्य के साक्षी बनने हेतु नगर के कई प्रबुद्ध और प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वतंत्र व्यास, सचिन जैन, गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला, गौरव जैन, अशोक स्वर्णकार, संजय बुढ़वार, बलराम कुशवाहा, हरप्रसाद चौरसिया, एड. मुकेश साहू, कुलदीप द्विवेदी, नगर मंत्री गोपाल शर्मा, नीर जैन, और गौतमी जैन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में हितिश को तीसरा स्थान मिला

**सीहोर।** इंडियन एसोसिएशन पार्लियामेंट्रीयन आन पापुलेशन एंड डेवलपमेंट द्वारा नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अंतर-विश्वविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय सीहोर के छात्र हितिश दुबे ने बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्तमान शिक्षा प्रणाली युवा वर्ग के सुद्रण मानसिक स्वास्थ्य के विकास में सहायक विषय पर विजय प्राप्त करते हुए देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों के 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में श्री दुबे ने अपने प्रेरणा स्त्रोत सोनू प्रकाश प्रजापति सर एवं माता संगीता दुबे के मार्गदर्शन में उक्त सफलता प्राप्त की। हितिश की उपलब्धि पर भोपाल बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी के डीन सहित प्रोफेसर डॉक्टर पवन मिश्रा, प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज सीहोर के प्राचार्य डॉ रोहिताश कुमार शर्मा, सलोनी दुबे सहित एक्सीलेंस कॉलेज के समस्त प्रोफेसर स्टाफ सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सीहोर जिले का देश में नाम रोशन करने पर हितिश को बधाई दी है।


### एसडीएम ने बैठक कर निर्देश दिए

**सीहोर।** वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति के कारण, आयात में हुई रुकावट की देखते हुये पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए है कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को की जाए। इसी क्रम में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी को रोकने और घरेलू उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों के सुचारू वितरण के उद्देश्य से सीहोर तन्मय वर्मा द्वारा एलपीजी वितरकों एवं प्रतिष्ठान संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई और कमर्शियल एवं घरेलू सिलेंडरों के स्टॉक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। बैठक में कालाबाजारी रोकने के भी निर्देश दिए।

### प्रभुप्रेमी संघ ने गुड़ी पड़वा नवसंवत्सर के कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने दी एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं

# चरित्र हमारी सबसे बड़ी संपत्ति, माता-पिता और गुरु को प्रणाम करने से भाग्य परिवर्तित होताः निलिंप त्रिपाठी





### जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ ने मानस भवन परिसर में आयोजित किया नवसंवत्सर और गुड़ी पड़वा के कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विक्रमाब्ध के प्रारंभिक काल में प्रकृति से समरस होने का विज्ञान ही नव संवत्सर है। प्रकृति हमे आनन्द प्रदान करती है। मिट्टी से बना मनुष्य आनन्द के लिए मिट्टी से खेलता है और अंत मे मिट्टी में ही विलीन हो जाता है लेकिन मनुष्य अपनी अखण्ड असंग अभेद का उत्थान चेतना से ही कर पाता है। अन्य के जीवन मे आनन्द भरने से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। प्रभु स्मरण में गहन निष्ठा और प्रगाढ़ता हो तो प्रभु भी हमे अपनी स्मृति में रखते हैं। उक्त आशय के उद्गार भागवताचार्य डॉ निलिम्प त्रिपाठी ने जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरिजी महाराज द्वारा स्थापित प्रभु प्रेमी संघ द्वारा मानस भवन के दिव्य परिसर में आयोजित नवसंवत्सर एवं गुड़ी पड़वा के कार्यक्रम में व्यक्त किये। आचार्य निलिम्प त्रिपाठी ने अपने व्याख्यान में कहा कि चरित्र हमारी सबसे बड़ी सम्पत्ति है। माता पिता और गुरु को प्रणाम करने से हमारा भाग्य परिवर्तित होता हैं। किसी के प्रभाव से परे अपने स्वभाव में रहने से ही आत्म कल्याण होता है। आचार्य निलिम्प त्रिपाठी ने उद्धरणों से समझाया कि सम्बन्धों में मोल भाव नही होता। अपनी वाणी में मधुरता से हमे दूसरों का और अपना मान बढ़ाना चाहिए। जितना हमारा आचरण पवित्र होगा और हम संयम का पालन करेंगे तन और मन से उतने ही स्वस्थ होंगे चेतन्य रहने से जीव सद्गति प्राप्त करने में सफल हो जाता है। अपने प्रवचन में डॉ त्रिपाठी ने प्रभु प्रेमी संघ की स्थानीय शाखा के सेवा स्वाध्याय और सत्संग की संकल्पित गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए नगर में विद्यमान धार्मिक आस्था परस्पर सरलता, सहजता और मैत्री भाव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि छल छद्मता से शुभता नही होती। सरलता स्वाभाविकता और सकारात्मकता से ही प्रभु प्रसन्न होते हैं। आचार्यजी ने शिव को ज्ञानदाता बताते हुए कहा कि भगवती शैलजा ने कु और बैर जैसे अवगुणों से युक्त कुबेर को भी उनके सकारात्मक होने पर धनधान्य का देवता और यक्षाधिपति बना दिया था एक रोचक प्रसंग में आचार्य जी ने कहा कि पांच इन्द्रिय और पांच तत्वों के साथ ही एक मन के एकाकार से हमे जीवन में नित्य एकादशी के व्रत पालन का लाभ मिल जाता है। आचार्य निलिम्प त्रिपाठी ने सभी सनातन धर्मावलम्बियों से आह्वान किया कि नव वर्ष की बेला में अपने-अपने घरों पर सूर्य युक्त भगवा ध्वज लगाएं तथा हृदय को स्वस्थ और पवित्र रखने के लिए नित्य सूर्य की उपासना और आदित्य हृदय स्त्रोत के पाठ का संकल्प लें।

#### परिसर में किया भगवा ध्वजारोहण

इसके पूर्व- नव संवत्सर पर आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले परिसर में भगवा ध्वजारोहण किया गया। पूज्य स्वामी अवधेशानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में मराठी महाडिग परिवार के निर्देशन में गुड़ी पूजन करके परम्परागत ढंग से नीम की गोली और चना दाल वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक तथा शास्त्रीय संगीत गुरु राम श्रीवादी, शिव श्रीवादी और उनकी टीम ने राष्ट्र वंदना मातृ वंदना श्री राम वंदना के मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर किया। नर्बदा प्रसाद सेन और जीवन दास ने भी भजन प्रस्तुत किये। क्षैत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला पंचायत सदस्य कमलसिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष भुरू मुकाती, प्रभुप्रेमी संघ के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, संयोजक कैलाश परमार, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह ठाकुर, समाजसेवी रविन्द्र रांका, मोहनसिंह अजनोदिया, रामेश्वर खंडेलवाल आदि ने अतिथि प्रवचनकार निलिम्प त्रिपाठी और उनकी सहधर्मिणी श्रीमती निधि त्रिपाठी का स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज की पादुका पूजन की। कार्यक्रम की समापन बेला में पूज्य स्वामी अवधेशानन्द जी की सामूहिक आरती एवम पुष्पांजलि के पश्चात फलाहारी प्रसाद का वितरण किया गया। प्रभु प्रेमी संघ के स्वयं सेवकों ने सभी आगन्तुक श्रद्धालुओं का चंदन तिलक लगा कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया।

### नव वर्ष पर सिद्धिगंज में निकाला चल समारोह



**सिद्धिगंज।** हिंदू उत्सव समिति द्वारा ग्राम सिद्धि गंज में हिन्दू नव वर्ष व चैत्र नवरात्रि पर ग्राम में बड़े धूमधाम से बैंड बजे व डीजे के साथ नाचते गाते हुए चल समारोह निकल गया। चल समारोह का ग्राम में जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। चल समारोह ग्राम के प्राचीन बगवाई माता मंदिर से प्रारंभ किया गया। जो ग्राम के बस स्टैंड पुराना थाना रोड, चमन चौराहा, बड़ा बाजार, हनुमान मंदिर, खाती मोहल्ला, बावड़ी चौक, आनंद चौक, छोटा बाजार होता हुआ बस स्टैंड पहुंचा। चल समारोह में अरुण श्रीवास्तव हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष, अतुल तापड़िया हिंदू उत्सव समिति उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह ठाकुर जनपद सदस्य, महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्धिगंज, राकेश सिसोदिया मंडल अध्यक्ष, श्रीराम राठौर, धर्मचंद सोनी, निखिलेश मुंदड़ा, नंदकिशोर बागवान उपसरपंच, अशोक राठौर, मुक्तेश तापड़िया, लक्ष्मी नारायण भगवान, चेतन राठौर, दीपक ठाकुर, नरेंद्र राठौर, डॉ भगवान सिंह गुर्जर, अमित तापड़िया, गोल्डी श्रीवास्तव, मानसिंह योगी, राजेंद्र ठाकुर पटेल, गोरेलाल महेश्वरी, रेवाराम पटवा, राजू गहलोत, देवकरण मालवीय, राजेंद्र पंडित, नितेश सेन, भूपेश वर्मा, जीवन वर्मा, आदि ग्रामीण उपस्थित रहे जिसमें सभी ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बड़े धूमधाम से हिंदू नव वर्ष एक दूसरे से गले मिलकर मनाया गया।

# ग्रामीणों को जल संकट से सामना नहीं करना होगा विधायक ने 5 ग्राम पंचायतों को सौंपे पानी के टैंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



धीरे-धीरे गर्मी का असर क्षेत्र में देखा जाने लगा है। गर्मी में ग्रामीणों को किसी भी प्रकार से जल संकट का सामना ना करना पड़े इसको लेकर आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर गम्भीर नजर आये। अभी तक आष्टा क्षेत्र की 144 ग्राम पंचायतों में से लगभग 80 पंचायतों को पूर्व में विधायक निधि से पानी के टैंकर उपलब्ध करा चुके है। गुरूवार को विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विधायक कार्यालय पर आयोजित एक सादे समारोह में आष्टा जनपद की 5 ग्राम पंचायत जाफराबाद, खाचरौद, जीवापुर महोडिया, मुबारिकपुर मांडली, कन्नौद मिर्जी के सरपंचों को पानी के टैंकर सौपे गये।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यक्रम में उपस्तिथ जावर मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर,खाचरौद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार,सुशील संचेती, सुनील केलिया, ग्राम पंचायत जाफराबाद के सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल जी,ग्राम पंचायत खाचरोद के सरपंच - शंकरलाल रेवाराम, ग्राम पंचायत जीवापुर महोडिया के सरपंच सुरेंद्र सिंह गणपत सिंह,ग्राम पंचायत मुबारिकपुर मांडली के सरपंच संतोष कुमार शिवनारायण, ग्राम पंचायत कन्नौद मिर्जी के सरपंच लक्ष्मीनारायण कन्हैयालाल सहित सभी उपस्तिथ ग्रामीण जनों को टैंकर सौपते हुए कहा की इन टैंकरों का उपयोग ग्राम में जनता की प्यास बुझाने एवं जनहित के कार्यो में करे जब किसी सूखे कंठ को शीतल जल मिलता है। जब उसकी प्यास बुझती है और प्यास बुझने के बाद उसके मुख से जो आशीर्वाद के शब्द निकलते है,उस आशीर्वाद के आगे सब धन फीका होता है,जो आशीर्वाद मिलता है,ना जाने वो कब किसी संकट से हमे बचा कर पार लगा देता है। इस अवसर पर टैंकर लेने पहुचे सभी सरपंचों ने विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का पंचायत को दी गई टैंकर की सौगात पर उनका स्वागत सम्मान कर उनका आभार व्यक्त किया।

# जन भागीदारी से तालाब का गहरीकरण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



जल गंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इसमें जन भागीदारी मैं जल संचयन का संकल्प लिया गया। जिसमें सामुदायिक कार्य और हितग्राही मलक लिए जा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत पुराने जल संरचनाएं का जीर्णोद्धार व मनरेगा जी राम जी से खेत तालाब व सोकता गडडा इत्यादि कार्य किया जा रहे हैं। इस अवसर पर गुरुवार को ग्राम पंचायत खाचरोद के अधिनिष्त पुराने हनुमान मंदिर के पास तालाब का गहरीकरण का कार्य जन भागीदारी से करने हेतु शुरूआत की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खाचरोद सरपंच शंकर पटेल जाट, उप यंत्री अनिरुद्ध कुमार गुप्ता, सचिव लखन वर्मा, रोजगार सहायक सूरज जाट, भारत सिंह ठाकुर, बाबू सिंह ठाकुर, सोहनलाल सोनी कोटवार, सुखराम मालवीय, रोहित सिंघन आदि लोग उपस्थित थे।

### सीवन मां दुर्गा उत्सव समिति ने की स्थापना



**सीहोर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सीवन माँ दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी माँ दुर्गा स्थापना की गई। इस मौके सीवन माँ दुर्गा उत्सव समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समिति के संरक्षक पंकज गुप्ता, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष सुदीप सम्राट, आशीष गेहलोत उपस्थित रहे। बैठक में सर्व सहमति से बल्ली रैकवार को अध्यक्ष, सीवम माँझी, प्रियांशु रैकवार को उपाध्यक्ष, रोहित माँझी, हिमांशु रैकवार को सचिव एवं खुशी मोटवानी, विशेष सौलंकी को सहसचिव बनाया गया। समिति द्वारा अतिथियों का पुष्पहारों से सम्मान किया गया।

### नववर्ष प्रतिपदा पर विचार और काव्य गोष्ठी का आयोजन किया

# नए रचनाकारों को जोड़ना मुख्य उदेश्यः गोहिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला सीहोर के बेनर तले स्थानीय रैंबो प्ले स्कूल के सभागार में नव वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार हरिओम शर्मा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया थे। विशेष अतिथि समाजसेवी ब्रजमोहन सोनी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रदीप सिंह चौहान एवं कवि हीरालाल जायसवाल अनाड़ी थे।

सर्वप्रथम माँ सरस्वती एवं वरिष्ठ साहित्यकार स्व. रमेश गोहिया के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना कवि गोविंद लोवानिया ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रघुवर दयाल गोहिया ने कहा कि सीहोर जिले में साहित्य परिषद सबसे अधिक सक्रियता से कार्य कर रही है। वरिष्ठ साहित्यकार स्व. रमेश गोहिया की जयंती पर लेखन कला से जुड़े युवाओं का सम्मान उन्हें और अधिक बेहतर लिखने की प्रेरणा देगा। इस तरह के आयोजनों से नव लेखकों को भी मंच पर अपनी बात कहने का अवसर प्राप्त होता रहेगा। अंत में उन्होंने व्यवस्थित आयोजन के लिए डॉ. बिजेंद्र जायसवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। विशिष्ठ अतिथि डॉ. प्रदीप एस. चौहान ने कहा कि स्व. रमेश गोहिया की विरासत को डॉ. बिजेंद्र जायसवाल बख़ूबी संभाल रहे हैं। हर महीने इस तरह के आयोजन बिना किसी से सहयोग लिए करते रहना बहुत दुरूह कार्य है।

उन्होंने अपने प्रभावी संबोधन में सभी साहित्यिक विभूतियों को और बेहतर लिखने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन युवा कवि राहुल ठाकुर ने किया। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र ओढ़ा कर परिषद अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने किया।

कार्यक्रम में साहित्य परिषद के संरक्षक रहे गीतकार स्वर्गीय रमेश गोहिया की स्मृति में शहर की युवा रचनाकार दीक्षा सिंह व युवा पत्रकार आशीष गुप्ता का सम्मान शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंटकर किया गया। इस अवसर पर काव्य पाठ करने वाले कवियों में द्वारका बांसुरिया, विनोद पंसारी, त्रिलोचन प्रसाद दुबे, हरिश्चंद्र आर्य, हीरालाल शर्मा, गोविंद लोवानिया, जोरावर सिह, संदीप मेवाड़ा, डॉ. अखिलेश हठीला, राहुल ठाकुर, डॉ. हरीश सोनी, जयंत चंद्रवंशी आदि मुख्य रूप से रहे। कार्यक्रम में सविता सिंह,भावना चंद्रवंशी, स्कूल की संचालिका सुनीता जायसवाल, दिलीप गांधी, कृष्ण कुमार सावले आदि प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। अंत मे सभी का आभार परिषद के महामंत्री लक्ष्मण सिंह चौकसे ने व्यक्त किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत ग्रामीणों ने तलाब का गहरीकरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर के द्वारा ग्राम बमुलिया दोराहा एवं शेखपुरा में मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब का गहरीकरण के साथ आसपास साफ-सफाई का श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर के मार्गदर्शन में जल स्त्रोतों की साफ सफाई के लिए नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति सदस्यों के माध्यम से ग्राम में जन जागरूकता गतिविधियों को संचालित करने के लिए प्रेरित किया गया है। मेन्टर रवि सोनी द्वारा कहा कि अब समय आ गया है पानी को पानी की तरह ना बहाएं और इसके संरक्षण पर कार्य करें अब यह समय की मांग भी है और बेहद जरूरत भी है कि हम पानी की उपयोगिता को समझें और इसकी बूंद बूंद को सुरक्षित करने हेतु प्रयास करें। अभी हमें पानी को बचाने की आदत नहीं है हमें अपनी दिनचर्या में और दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले पानी के प्रति अपनी आदत को बदलना होगा जिससे कि हम जल संरक्षण के क्षेत्र में अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। तालाब गहरीकरण में सरपंच प्रतिनिधि नरेश गिर, जीवनवाणी समपर्ण समिति नवांकुर संस्था प्रतिनिधि थान सिंह, प्रगति पथ वेलफेयर सोसायटी राहुल मेवाड़ा, मेन्टर रवि सोनी, रोजगार सहायक रवि गोस्वामी, छात्र विजय मीना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।